# राज्य सरकार ने प्रदेश के 49 नगरीय निकायों में प्रशासक नियुक्त किए

**ज्ञात रहे कि गत 25 नवंबर को प्रदेश के 5 नगर निगम, 20 नगर परिषद् और 24 नगर पालिकाओं के बोर्ड का कार्यकाल पूरा हो गया था, इस कारण सरकार ने प्रशासक लगाए**

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। राज्य सरकार ने सोमवार देर रात आदेश जारी कर प्रदेश की 49 नगरीय निकायों में प्रशासक नियुक्त किए हैं। इन निकायों का कार्यकाल सोमवार को ही खत्म हो गया। स्वायत्त शासन विभाग की ओर से निकाले गए आदेश में कहीं अतिरिक्त जिला कलेक्टर तो कहीं उपखंड अधिकारी को प्रशासक बनाया गया है। बताया जा रहा है कि इन निकायों के वार्डों का भी नए सिरे से सीमांकन किया जाना है, जिसकी प्रक्रिया अगले साल मार्च 2025 तक पूरी होगी। ऐसे में राज्य सरकार के इस कदम को "वन स्टेट-वन इलेक्शन" की कवायद के तौर पर भी देखा जा रहा है।

**इन नगरीय निकायों का कार्यकाल पूरा हुआ**

**नगर निगम :** बीकानेर, अलवर, भरतपुर, पाली, उदयपुर

**नगर परिषद् :** श्रीगंगानगर, सिरोही, टोंक, सीकर, नीमकाथाना, डीडवाना, मकराना, फलोदी, जैसलमेर, झुंझुनूं, हनुमानगढ़, जालोर, बालोतरा, बाड़मेर, चितौड़गढ़, चूरू, भिवाड़ी, पुष्कर, बांसवाडा, ब्यावर।

**नगर पालिका :** राजगढ़, सूरतगढ़, नसीराबाद, थानागाजी, महवा, खाटूश्यामजी, माउंट आबू, पिण्डवाडा, शिवगंज, बिसाऊ, पिलानी, सुमेरपुर, कानोड, प्रतापपुर-गढ़ी, निम्बाहेड़ा, रावतभाटा, नाथद्वारा, आमेट, रूपवास, भीनमाल, कैथून, सांगोद, छबड़ा, मांगरोल।

- **इन निकायों में वार्डों का नये सिरे से सीमांकन भी किया जाना है, ऐसे में नया बोर्ड बनने तक यही प्रशासक इन निकायों में फैसले लेते हुए सरकार के पास प्रस्ताव भिजवाएंगे।**
- **राज्य सरकार द्वारा इन निकायों में प्रशासन नियुक्त करने के फैसले को "वन स्टेट-वन इलेक्शन" की कवायद के तौर पर देखा जा रहा है।**
- **चर्चाएं हैं कि जयपुर, कोटा, जोधपुर निगमों के अलावा अन्य 109 निकायों का कार्यकाल नवंबर-2025 में पूरा होगा। ऐसे में संभावना है कि सरकार पूरे प्रदेश में वर्ष 2026 में एक साथ चुनाव करवाएं।**

सूत्रों की मानें तो राज्य में 25 नवंबर को 5 नगर निगम, 20 नगर परिषद् और 24 नगर पालिकाओं के बोर्ड का कार्यकाल पूरा हो गया। अब नया बोर्ड बनने तक यही प्रशासक इन नगरीय निकायों में फैसले लेते हुए सरकार के पास प्रस्ताव भिजवाएंगे। सरकार ने प्रशासक के तौर पर जहां नगर निगम है वहां कलेक्टर, जहां नगर परिषद है, वहां ए.डी.एम. और जहां नगर पालिका है, वहां एसडीएम को नियुक्त किया है।

चूंकि राज्य सरकार "वन स्टेट-वन इलेक्शन" मॉडल पर काम कर रही है। इसे देखते हुए सरकार ने अब इन निकायों के अलावा 109 अन्य नगरीय निकायों में भी परिसीमन का काम शुरू करने के आदेश जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिए हैं। अजमेर नगर निगम का कार्यकाल फरवरी 2026 में पूरा होगा। वहीं जयपुर, कोटा, जोधपुर निगमों के अलावा अन्य निकायों का कार्यकाल नवंबर 2025 में पूरा होगा। ऐसे में साल 2026 में एक साथ चुनाव होने की संभावना भी है।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक मरा

**जयपुर**। महेश नगर इलाके में मंगलवार को एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को एसएमएस मोर्चरी में रखवाया और शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के हवाले किया गया। पुलिस ने बताया कि महेश नगर फाटक के पास मंगलवार दोपहर को दुर्ग-अजमेर ट्रेन की चपेट में आने से हरि शंकर मीणा (24) पुत्र रामचरण मीणा निवासी लेदिया सपोटरा करौली मौके पर मौत हो गई। आरपीएफ से घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। जानकारी में सामने आया है कि मौके पर मृतक युवक हरिशंकर के दोस्त थे। जिनसे जानकारी करने में सामने आया कि हरिशंकर मीणा फोन पर बात करता हुआ उनके पास से निकला था। लाइन के पास शौच के लिए गया। तभी पीछे से ट्रेन आई। इसकी चपेट में आने से वह मौके पर ही गिर गया। इससे सिर पर गंभीर चोट लगी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ट्रेन चालक ने आरपीएफ ऑफिसर्स को बताया कि फाटक पास में होने कारण ट्रेन को धीरे किया हुआ था। बार-बार होर्न बचाया, लेकिन युवक ने कान में फोन लगाया हुआ था। इसके कारण उसे हार्न नहीं सुनाया दिया। जिससे वह ट्रेन से टकराया। जिस से उस के सिर पर गंभीर चोट लगी। मृतक हरिशंकर मीणा जयपुर में कॉम्पिटिशन की तैयारी कर रहा था।

## घुमन्तु समुदाय के लिए शिविर 15 दिसंबर तक

**जयपुर** (कासं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने बताया कि राजस्थान के विमुक्त एवं घुमन्तु समुदाय के व्यक्तियों के आवश्यक दस्तावेज बनाने के लिए सभी जिलों में पंचायत समिति एवं नगर निगम /पालिका/ परिषद स्तर पर 27 नवम्बर से 15 दिसम्बर 2024 तक शिविर आयोजित किये जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि इन शिविरों में विमुक्त घुमन्तु एवं अद्धर्घुमन्तु समुदाय के व्यक्तियों के आवश्यक दस्तावेज जैसे वोटर आई.डी. आधार कार्ड, जनाधार कार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, जनाधार कार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, घुमन्तु पहचान प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि विमुक्त घुमन्तु एवं अद्धर्घुमन्तु समुदाय वर्ग के लिए मूलभूत सुविधाएं जैसे स्वास्थ्य, पेंशन, भूमि आवंटन, आवास व्यवस्था आदि से जोडने के लिए शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने कहा कि इन शिविरों के लिए ग्रामीण क्षेत्र में संबंधित शिविर प्रभारी, उपखण्ड अधिकारी व खण्ड विकास अधिकारी, सह प्रभारी होंगे तथा शहरी क्षेत्र में संबंधित उपखण्ड अधिकारी शिविर प्रभारी तथा संबंधित अधिशाषी अधिकारी-कमिश्नर सह प्रभारी होंगे।

## 'दो से ज्यादा संतान वाले कार्मिकों को ए.सी.पी. में भी छूट दी जाए'

**जयपुर**। राज्य सरकार द्वारा न्यायालय में अपना पक्ष रखकर 1 जून 2002 के पश्चात दो से अधिक संतान वाले कार्मिकों की पदोन्निति का रास्ता खोलने की कवायद पर अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत ने आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही महासंघ के एक शिष्टमंडल ने मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव आलोक गुप्ता, मुख्य सचिव और कार्मिक सचिव को ज्ञापन देकर चयनित वेतनमान के डेफर्ड प्रकरणों में भी छूट देने की मांग की है।

अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत के प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि 16 मार्च 2023 की अधिसूचना के द्वारा दिनांक 1 जून 2002 के पश्चात 2 से अधिक संतान उत्पन्न करने पर ऐसे कार्मिकों की पदोन्निति 3 वर्ष पश्चात करने के प्रतिबंध से मुक्त कर दिया और उनकी मूल वरिष्ठता के आधार पर रिव्यू कर उनको पदोन्निति करने के आदेश जारी कर दिए।

ऐसे कार्मिकों की पदोन्नितियां हो भी रही है परंतु अनेक ऐसे छोटे विभाग हैं, जहां कार्मिकों की कम संख्या के कारण पदोन्निति के पद उपलब्ध नहीं है। कार्मिकों को एसीपी का ही लाभ मिल पाता है लेकिन कार्मिक विभाग द्वारा ऐसे प्रकरण में एसीपी में लगाया गया 3 वर्ष का प्रबंध नहीं हटाया गया है। अतः एसीपी पर भी लगा प्रतिबंध हटाया जाए।

राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री देवेंद्र सिंह नरूका ने बताया कि कम संख्या वाले विभागों को पदोन्निति आदि प्रकरणों में बहुत ज्यादा नुकसान उठाना पड़ता है, अधिकांश केडर रिव्यू तथा सरकारी आदेश बड़े विभागों की दृष्टि से ही निकाले जाते हैं तथा छोटे विभागों के कर्मचारियों के हितों का ध्यान नहीं रखा जाता है। इसी कारण समान बेच के छोटे एवं बड़े विभागों की पदोन्निति में बहुत ज्यादा अंतर हो जाता है। इसी प्रकार दो से अधिक संतान वाले कार्मिकों को ए.सी.पी. में नुकसान हो रहा है जबकि इससे किसी की वरीयता भी प्रभावित नहीं हो रही।

सरकार को तत्काल ऐसे लोगों की ए.सी.पी. पर लगा प्रतिबंध को हटाया जाना चाहिए। इससे एक तरफ जहां बड़े विभागों में कर्मचारी पदोन्नत हो रहे हैं, वहीं छोटे विभागों में कर्मचारी एसीपी का लाभ भी नहीं ले पा रहे हैं। महासंघ के शिष्य मंडल में शिष्ट मंडल में गजेंद्र सिंह राठौड, देवेंद्र सिंह नरूका, ओमप्रकाश चौधरी, शेर सिंह यादव, प्रकाश यादव, महेश शर्मा प्रभु दयाल नील, राहुल यादव आदि कर्मचारी नेता शामिल थे।

## कार सवार बदमाशों ने किया युवक का अपहरण

**जयपुर**। शिप्रापथ थाना इलाके में कार सवार 4-5 बदमाशों एक युवक को अगवा कर लिया। बदमाश उसे टोंक की तरफ ले जा रहे थे इसी दौरान पुलिस की नाकाबंदी देखकर बदमाश उसे छोड़कर भाग निकले। टोंक पुलिस की सूचना पर जयपुर पुलिस मौके पर पहुंची और अपहृत युवक को लेकर आई।

पुलिस के अनुसार कुंडेरा सवाई माधोपुर निवासी विकास ने मामला दर्ज करवाया कि वह अपने दोस्त अभिलेख के साथ 25 नवम्बर को जयपुर चौपाटी गया था। वह टॉयलेट करने चला गया, इसी दौरान जयपुर चौपाटी के पास पहले से मौजूद स्कॉर्पियो में से 4-5 बदमाश उतरे और जबरन उसके दोस्त को कार में पटक लिया और लेकर चलते बने। यह घटना इतनी जल्दी बाजी में हुई कि वह बदमाशों की कार के नम्बर नहीं देख पाया। इस पर उसने अभिलेख के परिजनों के साथ पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बदमाश अभिलेख को लेकर टोंक की तरफ निकल गए। सूचना पर स्थानीय पुलिस के साथ टोंक पुलिस से भी नाकाबंदी करवाई गई। दंतवास के पास बदमाश पुलिस की नाकाबंदी देखकर अभिलेख को उतारकर भाग निकले। इस दौरान बदमाशों ने रास्ते में अभिलेख से मारपीट की और उसके पिता से 25 हजार रुपए ऑनलाइन डलवा लिए।

## नगर निकायों में प्रशासक लगाने पर भड़की कांग्रेस

**नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने इस निर्णय को असंवैधानिक और लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने वाला बताया**

**जयपुर**। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा है कि राज्य सरकार की ओर से 49 नगर निकायों में प्रशासक लगाये जाने का निर्णय पूर्णतया असंवैधानिक और लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने वाला है। सरकार ने राज्य के पांच नगर निगम, 20 नगर परिषद और 24 नगरपालिकाओ का कार्यकाल समाप्त होने का तर्क देकर इनमें सरकारी अधिकारियों को प्रशासक लगा दिया है। जबकि सरकार को इन निकायों की लोकतांत्रिक व्यवस्था को कायम रखने के लिए इनमें तत्काल चुनाव कराने की घोषणा करनी चाहिए थी।

जुली ने कहा कि हमारी सरकार से मांग है कि इन निकायों के अविलम्ब चुनाव कराये जायें। इसके पीछे राज्य सरकार वन स्टेट वन इलेक्शन एजेंडे का बहाना बना रही है, लेकिन वस्तुतः राज्य की भाजपा सरकार इन नगर निकायों के चुनाव अपनी पराजय के भय से नहीं कराना चाहती। प्रदेश के अनेक नगर निकायों का कार्यकाल पूरा होने में अभी एक साल और इससे ज्यादा का समय शेष है। तब तक राज्य सरकार कार्यकाल पूरा कर चुके नगर निकायों में नगर निगमों को जिला कलेक्टर, नगर परिषदों को एडीएम और नगरपालिकाओं को एसडीएम स्तर के सरकारी अधिकारियों के भरोसे चलाना चाहती है। सरकार का यह रवैया लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने वाला है। आम जनता को उनके निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से वंचित करने की राज्य सरकार की यह चेष्टा अलोकतांत्रिक और असंवैधानिक है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार के इस कदम से इन निकायों में अव्यवस्था पनपेगी और आम जनता अपनी रोजमर्रा की समस्याओं के निराकरण के लिए तरसेगी। नगर निकायों में नौकरशाही को हावी करना संविधान की मूल भावना के खिलाफ है। यह दुर्भाग्य का विषय है कि जब सब ओर संविधान दिवस मनाने की तैयारियां चल रही थी। उसके एक दिन पहले राजस्थान में राज्य सरकार ने यह कदम उठाकर सिद्ध किया है कि सरकार लोकतंत्र पर अपनी मनमानी थोपना चाहती है और उसका संविधान में कोई विश्वास नहीं है।

कांग्रेस पार्टी ने हमेशा संविधान के हितों की रक्षा की है। और हम हर कीमत पर इसकी रक्षा करते रहेंगे।

## 'पशु चिकित्सा सेवाएं बढ़ाने के लिए सरकार प्रयासरत'

**जयपुर** (कासं)। वित्तीय वर्ष 2024-25 की बजट घोषणा के अनुरूप राज्य सरकार ने आदेश जारी कर 19 पशु चिकित्सालयों को प्रथम श्रेणी चिकित्सालयों में तथा 98 पशु चिकित्सा उपकेंद्रों को पशु चिकित्सा केंद्रों में क्रमोन्नत किए जाने की प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है।

पशुपालन एवं गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया कि राज्य सरकार प्रदेश में पशु चिकित्सा सेवाओं के विस्तार के लिए सतत प्रयासरत है। इसी के तहत बजट घोषणा की अनुपालना में विभिन्न जिलों में विभिन्न श्रेणी के चिकित्सालयों का क्रमोन्नयन किया गया है। उन्होंने बताया कि इससे पशुपालकों को उनके पशुओं के लिए अपने नजदीक ही बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी साथ ही विभागीय योजनाओं का त्वरित लाभ मिलने भी सुविधा हो सकेगी। उन्होंने यह जानकारी देते हुए बताया कि नागौर में 2, भरतपुर में 3, पाली में 4 और अलवर, चित्तौड़गढ़, जालोर, कुचामन सिटी, झुंझुंनू, बाड़मेर, सवाई माधोपुर, सीकर, बीकानेर, और चुरू के 1-1 पशु चिकित्सालयों को प्रथम श्रेणी के चिकित्सालयों में क्रमोन्नत किया है। इसी तरह बाड़मेर में 8, भरतपुर और जयपुर में 7-7, पाली में 16, जालोर में 9, नागौर, कोटा और भीलवाड़ा में 4-4, अजमेर में 6, झुंझुंनू में 5, दौसा, टोंक, चित्तौडगढ़ और जोधपुर में 3-3, बीकानेर, चुरू, श्रीगंगानगर, सवाई माधोपुर, कुचामन में 2-2, धौलपुर, उदयपुर, डूंगरपुर, सिरोही, सीकर और हनुमानगढ़ में 1-1 पशु चिकित्सा उपकेंद्रों को क्रमोन्नत किया गया है।

## नाबालिग से दुष्कर्म का प्रयास

**जयपुर** (कासं)। मालवीय नगर थाना इलाके में एक युवक ने नाबालिग से दुष्कर्म का प्रयास किया। घटना के समय पीड़िता की मां काम पर गई हुई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

पुलिस के अनुसार मॉडल टाउन निवासी एक 26 वर्षीय महिला ने मामला दर्ज करवाया कि वह रोजाना अपने काम पर चली जाती है। गत 25 नवम्बर को उसकी बेटी घर पर थी, इसी दौरान राहुल हुसैन घर में घुस आया और उसकी बेटी को अकेला पाकर उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। बेटी के चिल्लाने पर आरोपी मौके से भाग निकला। उसकी बेटी करीब 12 साल की है।

मां के काम से घर लौटने पर पीडिता ने सारी आपबीती बताई। इस पर पीडिता उसे लेकर थाने पहुंची और मामला दर्ज करवाया।

## 68 लाख रुपये की स्मैक और गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

- **पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 136 ग्राम स्मैक, 789 ग्राम गांजा बरामद किया**

**जयपुर** (कासं)। जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन "क्लीन स्वीप" के तहत ड्रग्स माफियाओं के खिलाफ थाना जवाहर सर्किल थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक और गांजे की तस्करी करने वाले एक तस्कर हनुमान उर्फ रोहित को गिरफ्तार किया है।

इसके साथ ही पुलिस ने गिरफ्तार आरोपित के पास से अवैध मादक पदार्थ स्मैक 136 ग्राम, गांजा 789 ग्राम एवं बिक्री राशि 2 हजार 500 रुपये बरामद किये गए है। पुलिस के अनुसार तस्कर से जब्त की गई अवैध मादक पदार्थ स्मैक की अनुमानित कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 68 लाख रुपये है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।


जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सीएसटी ने जवाहर सर्किल थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक और गांजे की तस्करी करने वाले तस्कर हनुमान उर्फ रोहित (22) निवासी मेहन्दवास जिला टोंक हाल जवाहर सर्किल जयपुर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपित के पास से अवैध मादक पदार्थ स्मैक 136 ग्राम, गांजा 789 ग्राम एवं बिक्री राशि 2 हजार 500 रुपये जब्त किए गए है। गिरफ्तार आरोपित हनुमान उर्फ रोहित अवैध मादक पदार्थ तस्करी का काम करता है। आरोपी ने प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि अवैध मादक पदार्थ गांजा व स्मैक नासिरदा जिला टोंक से खरीदकर लाता है और आसपास इलाकों में सप्लाई करता है। पुलिस ने आरोपित से अवैध मादक पदार्थ स्मैक के प्राप्ति स्त्रोत एवं सप्लायर के संबंध में पूछताछ करने में जुटी है।

## जयपुर डेयरी ने श्वेत क्रांति के जनक डॉ. वी. कुरियन के योगदान को किया स्मरण

**जयपुर** (कासं)। जयपुर डेयरी द्वारा 26 नवंबर को राष्ट्रीय दुग्ध दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें डेयरी के अध्यक्ष ओम प्रकाश पुनिया और प्रबंध संचालक मनीष फौजदार सहित सभी अधिकारी और कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. वर्गीज कुरियन के योगदान को याद करते हुए उनके कार्यों को भारतीय दुग्ध उद्योग के लिए ऐतिहासिक बताया गया।

कार्यक्रम के दौरान ओम प्रकाश पुनिया ने कहा कि डॉ. कुरियन ने सहकारी मॉडल के माध्यम से किसानों को संगठित किया और भारत को दुग्ध उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाया। उनके नेतृत्व में शुरू हुए "ऑपरेशन फ्लड" ने देश में दुग्ध क्रांति की नींव रखी, जिससे न केवल दूध का उत्पादन बढ़ा, बल्कि लाखों किसानों के जीवन में सुधार आया। उन्होंने जोर देकर कहा कि डॉ. कुरियन का दृष्टिकोण आज भी भारत के दुग्ध उद्योग और ग्रामीण विकास के लिए मार्गदर्शक है। प्रबंध संचालक मनीष फौजदार ने कहा कि डॉ. कुरियन के प्रयासों ने भारत को विश्व के सबसे बड़े दुग्ध उत्पादक देश के रूप में स्थापित किया। उन्होंने कहा कि जयपुर डेयरी डॉ. कुरियन के सिद्धांतों और सहकारी मॉडल को अपनाते हुए किसानों और उपभोक्ताओं के बीच एक मजबूत कड़ी बनी हुई है। उन्होंने यह भी बताया कि डेयरी गुणवत्ता और शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए लगातार नए कदम उठा रही है। कार्यक्रम में अधिकारियों और कर्मचारियों ने डॉ. कुरियन के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया।



**राष्ट्रीय दुग्ध दिवस पर जयपुर डेयरी की ओर से आयोजित कार्यक्रम को अध्यक्ष ओम प्रकाश पूनियां ने संबोधित किया। इस मौके पर प्रबंध संचालक मनीष फौजदार भी मौजूद थे।**

## पुलिस कमिश्नर मुहाना थाने में करेंगे जनसुनवाई

- **28 नवंबर को सुबह 11 से 2 बजे तक होगी जनसुनवाई**

**जयपुर** (कासं)। आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय कायम रखने के लिए जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ 28 नवम्बर(गुरुवार) को सुबह 11 बजे से 2 बजे तक पुलिस थाना मुहाना में जनसुनवाई करेंगे।

जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर (अपराध) कुंवर राष्ट्रदीप, पुलिस उपायुक्त दक्षिण दिगंत आनंद, पुलिस उपायुक्त पश्चिम अमित कुमार, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त दक्षिण, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पश्चिम, सहायक पुलिस आयुक्त चाकसू, मानसरोवर, बगरू एवं संबंधित एसएचओ और थाने के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

इस दौरान वृत क्षेत्र चाकसू, मानसरोवर जयपुर (दक्षिण) व बगरू जयपुर (पश्चिम) के परिवादियों की जनसुनवाई की जाएगी। जनसुनवाई का उद्देश्य संबंधित क्षेत्र के परिवादियों की समस्याओं का तुरंत निस्तारण करते हुए आमजन को राहत पहुंचाना है।

गौरतलब है कि इससे पूर्व पुलिस कमिश्नर द्वारा शिप्रा पथ (जयपुर दक्षिण), कानोता (जयपुर पूर्व), करधनी (जयपुर पश्चिम), विद्याधर नगर (जयपुर उत्तर), शिवदासपुरा (जयपुर दक्षिण), बगरू (जयपुर पश्चिम), चौमू (जयपुर पश्चिम), प्रताप नगर (जयपुर पूर्व), जयसिंहपुरा खोर (जयपुर उत्तर) जवाहर सर्किल (जयपुर पूर्व) एवं वैशाली नगर (जयपुर पश्चिम) थाने में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया जा चुका है।

**सार-समाचार**

## संविधान दिवस पर पद यात्रा निकाली



**जयपुर**। संविधान दिवस पर मंगलवार को स्थानीय चित्रकूट स्टेडियम में संविधान पद यात्रा, युवा सम्मेलन और सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये। भारत सरकार के युवा मामले एवं खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार अनुसार राज्य सरकार द्वारा माय भारत नेहरू युवा केंद्र, नगर निगम, शिक्षा विभाग एवं शैक्षिणक संस्थानों के सहयोग से आयोजित भव्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, युवा मामले एवं खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ थे। कर्नल राठौड़ ने कहा कि विविधता से भरे हिंदुस्तान को अखंड एवं समावेशी दृष्टिकोण से आगे बढ़ाने में हमारा संविधान सबसे बड़ा धार्मिक ग्रंथ है। युवा वर्ग को संविधान के मूल्यों को अंगीकार करने के लिए हमेशा तत्पर रहना है। भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उन्होंने संविधान की उद्देशिका का पाठन किया। युवा कलाकारों ने गीत और संगीत के साथ लोक नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का दिल जीत लिया। इस अवसर पर राठौड़ ने नगर निगम के अधिकारियों, नेशनल यूथ अवार्डी कुलदीप वर्मा, राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक लोकेश बुनकर, सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश मीणा सहित दो दर्जन से अधिक शैक्षिक संस्थानों के प्रतिनिधियो को सम्मानित किया। पदयात्रा में नेहरू युवा केंद्र संगठन के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. भुवनेश जैन, राज्य निदेशक कृष्ण लाल पारचा राजस्थान युवा बोर्ड के सदस्य सचिव कैलाश पहाड़िया, जिला युवा अधिकारी कुमार मधुकर, विशाल गौतम, भारतीय खेल प्राधिकरण के डी .डी.शर्मा व एन.एस.एस. के क्षेत्रीय निदेशक एस.पी. भटनागर और एस.एम.एस. स्टेडियम के उपसचिव भी सम्मिलित थे।

## के.पी.सक्सेना का एलबम रिलीज



**जयपुर**। हाल ही रिटायर्ड जज व सिंगर केपी सक्सेना की सुरीली आवाज में पिरोया हैप्पी मैरिज एनिवर्सरी एलबम रिलीज हो गया है। शौख व रुमानियत से भरी आवाज में गाया यह गीत आज देश-विदेश के कई प्रसिद्ध ऑडियो संगीत चैनल पर अत्यधिक लोकप्रिय हो रहा है। केपी सक्सेना लंबे समय से जयपुर समेत देश-विदेश के प्रतिष्ठित मंचों पर अपनी जादुई आवाज व शास्त्रीय संगीत के कमाले फन से स्वरचित गीतों की मिठास का तिलिस्म बिखेर रहे हैं। सुप्रसिद्ध संगीतकार विक्रांत माथुर का संगीतबद्ध यह सॉन्ग मुंबई के लता मंगेशकर स्टूडियो में रिकॉर्ड किया गया। सिंगर केपी सक्सेना ने बताया कि अब तक मैरिज एनिवर्सरी को लेकर कोई गीत सुनने को नहीं मिला। यही वजह रही कि मैंने इस पर सॉन्ग बनाने का फैसला किया। यह सॉन्ग केपी सक्सेना म्यूजिक की ओर से रिलीज किया है।

## महिलाओं को सिलाई मशीन दिलाई



**जयपुर**। मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान एवं महिला सशक्तिकरण फाउंडेशन द्वारा वाटिका रोड स्थित, कल्लावाला ग्राम में "प्रियांश क्रिएशंस एंड होम डेकोर" नाम से पल्लवी सक्सेना को सिलाई मशीन दिलवाकर स्वयं का व्यवसाय का शुभारम्भ करवाया। फाउंडेशन अध्यक्षा दुर्गा वर्मा ने बताया जरूरतमंद महिलाओं के सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए उन्हें उनके घर पर ही स्वयं का व्यवसाय शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। ट्रस्ट सदस्य एवं मिडिया प्रभारी प्रो.डॉ. राजीव सक्सेना ने बताया कि ट्रस्ट की यह पहल समाज में महिलाओं को सशक्त बनाने और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है। कार्यक्रम संयोजक कौशल सत्यार्थी ने बताया कि प्रोजेक्ट जीवनदीप पहल के अंतर्गत महिलाओं को उनके घर पर सिलाई केंद्र, ब्यूटी पार्लर, राशन की दुकान, कॉस्मेटिक दुकान जैसी स्वरोजगार योजनाओं की स्थापना में सहायता प्रदान की जा रही है।

## ज्योतिष सम्मेलन का पोस्टर जारी




**जयपुर**। ऑलमाइटी इंटरनेशनल पहली बार जयपुर में राष्ट्रीय स्तर के ज्योतिष सम्मेलन का आयोजन करने जा रहा है। यह कार्यक्रम 28 नवंबर को नारायण सिंह सर्किल स्थित नसियाजी सभागार में आयोजित होगा। इस एक दिवसीय एस्ट्रोलॉजी कॉन्क्लेव का उद्घाटन राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष, वासुदेव देवनानी करेंगे। यह जानकारी कार्यक्रम की संयोजक, डॉ. मेघा शर्मा ने आज दी। इस आयोजन का उद्देश्य ज्योतिष और संबंधित प्राचीन विज्ञानों को आधुनिक समाज में अधिक प्रासंगिक बनाना और इसके वैज्ञानिक व व्यावहारिक पक्ष को जन-जन तक पहुंचाना है। सम्मेलन का मुख्य आकर्षण प्रमुख ज्योतिषाचार्यों और वास्तुशास्त्रियों द्वारा की जाने वाली महत्वपूर्ण चर्चाएं और भविष्यवाणियां होंगी। कार्यक्रम में देश के जाने-माने विशेषज्ञ, जैसेः पंडित सतीश शर्मा (ज्योतिष और वास्तुशास्त्र के विशेषज्ञ); अजय भांबी (कंप्यूटर ज्योतिष के प्रणेता और दिल्ली के ख्यातिप्राप्त ज्योतिषाचार्य); के. ए. दुबे पद्मेश (कानपुर से प्रसिद्ध लेखक और ज्योतिष विशेषज्ञ); पुरुषोत्तम गौड़ (जयपुर के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य); आने वाले समय के लिए अपने दृष्टिकोण और भविष्यवाणियां साझा करेंगे। इस कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन पंडित सतीश शर्मा, पंडित ज्योति शर्मा, और यूथिका अग्रवाल ने किया।

## चावल पर संविधान कृति बनाई



**जयपुर**। चावल पर सूक्ष्म लेखन करने वाली जयपुर की कलाकार निरू छाबड़ा ने मंगलवार को संविधान दिवस के खास मौके पर चावल पर दोनों पर संविधान लिखकर कृति तैयार की है। उन्होंने चावल के दानों पर लिखा है "में भारत का संविधान हूं। मेरे कोष में 146385 शब्द है।"

## महिलाओं के लिए हज आवेदन 9 तक

**जयपुर**। हज के लिए महिला कोटे से पूरे देश में 500 सीटें रखी गई हैं।हज आवेदन 2025 करने से वंचित ऐसी महिलाएं 9 दिसंबर तक हज आवेदन कर सकती है। हज-25 की दूसरी किस्त 1 लाख 42 हजार रुपये 16 दिसंबर तक जमा करनी है। राजस्थान स्टेट हज कमेटी के सीनियर मेंबर हाजी शाहिद मोहम्मद ने बताया कि हज कमेटी ऑफ इंडिया ने हज-2025 पर जाने वाले हजरात की दूसरी किस्त जमा करवाने के लिए कहा है दूसरी किस्त में प्रत्येक आवेदक को 1 लाख 42 हजार रु. 16 दिसंबर तक जमा करवानी होगी और रसीद स्टेट हज कमेटी में जमा करानी है। महिला कोटे में वो महिलाएं आवेदन कर सकती हैं, जिनके परिवार के पति, पिता,भाई ने पहले से हज फॉर्म भरा हुआ है लेकिन वह नहीं भर पाईं।